पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी शिक्षा देने हेतु कृत संकल्पित

अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं में संचालित होंगे न्यू एज कोर्स

आरक्षण के नियम का अनुपालन करते हुए नियुक्ति प्रकिया प्रारंभ की जाय

–मंत्री श्री आशीष पटेल

लखनऊः 28 मार्च, 2023

अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं के प्रबंधक व प्रधानाचार्य अपने संस्थाओं को न्यू एज कोर्स से जोड़े। युवाओं को समय के अनुरूप प्रचलित कोर्सो में शिक्षा एवं प्रशिक्षित करने का कार्य करे तथा संस्थाओं में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाये।

उक्त निर्देश प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल ने विधान भवन सभा कक्ष में आयोजित अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं के समीक्षा बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी शिक्षा देने हेतु कृत संकल्पित है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकी शिक्षा युवाओं के लिए संचालित की जा रही है।

उन्होंने संस्थाओं के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि संस्थाओं में रिक्त पदों को उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेशों का अनुपालन करते हुए भरने की कार्यवाही करें। नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण के नियम का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, रोस्टर के हिसाब से भर्ती प्रक्रिया संचालित की जाय। उन्होंने अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को संस्थाओं को और कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस हेतु प्रस्ताव 01 अप्रैल, 2023 को भेजने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में श्री पटेल ने अनुदानित शिक्षण संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की जानकारी करते हुए गुणवत्तापरक शिक्षा देने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि शिक्षण संस्थानों में छात्र/छात्राओं के मध्य अच्छा शैक्षिक वातावरण का सृजन करें, जिससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर छात्र–छात्रायें अच्छे ढंग से अपने रोजगार का सृजन कर सकें। उन्होंने निदेशक प्राविधिक शिक्षा को यह भी निर्देश दिये कि अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं से संबंधित आने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से लिया जाय और समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाय।

बैठक में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा श्री सुभाष चंद्र शर्मा, विशेष सचिव श्री अन्नावि दिनेश कुमार, निदेशक प्राविधिक शिक्षा श्री के० राम तथा अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र– अमरेश कुमार

राघवेन्द्र/02:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in